# यूपी निवेशकों का गंतव्य बना: खन्ना

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा है कि वर्ष 2017 तक यूपी के विकास का ग्राफ जो लगातार नीचे था, भाजपा की सरकार बनने के बाद से यह विकास ग्राफ तेजी से बढ़ा है। बजट आकार दोगुना हो चुका है। सरकार की नीतियों के कारण यूपी निवेश डेस्टीनेशन बन चुका है। राज्य को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था तक ले जाने के लिए हमें जापान से सीख लेनी होगी। लक्ष्य के मुताबिक ही कार्ययोजना भी बने।

मंत्री ने बुधवार को इंदिरा नगर स्थित वित्तीय प्रबंधन प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान में एक ट्रिलियन डॉलर की



■ वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था के लिए जापान से सीख लें

अर्थव्यवस्था के रूप में उत्तर प्रदेश संभावना, चुनौतियां तथा वित्त विभाग एवं भारतीय स्टेट बैंक की भूमिका विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित किया। यह आयोजन उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा संघ तथा भारतीय स्टेट बैंक ने संयुक्त रूप से किया था।

उन्होंने कहा कि एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था यूपी को बनाना यह लक्ष्य बड़ा जरूर है लेकिन मुश्किल नहीं। हमें अपने उत्पादों की क्वालिटी बढ़ानी होगी। उत्पाद वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी नजर आने चाहिए। इसमें टेक्नालाजी का बड़ा रोल है। यूपी देश की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य है। हमारे पास सीख के लिए जापान जैसा देश है। अच्छी बात यह है कि 2017 के बाद से यूपी के लोगों की मानसिकता बदली है।